## खबर संक्षेप

### सत्यभान बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष



**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यभान पटेल को भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही मैहर सहित पूरे जिले के कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और नगरवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से और सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई संदेश भेजकर शुभकामनाएं दीं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सत्यभान पटेल लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से काम कर रहे हैं।

### अमदरा ब्लॉक में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक, संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर



**मैहर।** विधानसभा मैहर के ब्लॉक अमदरा के अंतर्गत सभागंज, पथरहटा, तिघरा खुर्द, खेरवासानी और सेमरा में कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पंचायत कमेटी और बीएलए (BLA) कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भौतिक सत्यापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त, सक्रिय बनाना और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना था। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेश घई रोमी ने कहा कि एक मजबूत संगठन ही जनसेवा और जनविश्वास का असली आधार होता है। बैठक में जनता से जुड़े स्थानीय मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी डॉ. रश्मि सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अमजद खान, जिला महासचिव अमृतलाल पटेल, मंडलम अध्यक्ष अयोध्या कुशवाहा सहित विनोद साहू, राम भगत यादव, गणेश कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा और भारी संख्या में कांग्रेस परिवार के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लकड़ी काटने की मशीन में काम करते समय हादसा, युवक गंभीर रूप से घायल



**सतना।** कोटर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुहास गांव का निवासी राजा राम साकेत एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। वह पवैया गांव में स्थित एक लकड़ी काटने की आरा मशीन पर काम करने गया था। काम के दौरान अचानक अनियंत्रित होकर मशीन की चपेट में आने से राजा राम को गर्दन पर बेहद गंभीर चोट आई है। घटना के तुरंत बाद मौके पर हड़कंप मच गया और आनन-फानन में घायल श्रमिक को इलाज के लिए सतना के सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उसका सघन इलाज जारी है। घायल राजा राम की पत्नी यशोदा साकेत ने बताया कि वे लोग सुहास गांव के रहने वाले हैं। उनके पति रोज़ की तरह पवैया गांव में लकड़ी काटने की मशीन पर मजदूरी करने गए थे। सुबह के वक्त अचानक उन्हें गांव वालों और काम करने वाले अन्य लोगों से सूचना मिली कि काम करते समय राजा राम एक बड़े हादसे का शिकार हो गए हैं और उनके गले पर गंभीर चोट लगी है। इस घटना से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दे दी गई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है कि हादसा मशीन में तकनीकी खराबी के कारण हुआ या सुरक्षा उपायों में चूक की वजह से।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की 68वीं बैठक आयोजित

### कृषि प्रक्षेत्र एवं संकाय परिसर का नाम 'राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख परिसर' करने के प्रस्ताव को मिली मंजूरी



**सतना।**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल की 68वीं बैठक बुधवार को विश्वविद्यालय के रजत जयंती सभागार में कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। हाइब्रिड मोड में आयोजित इस बैठक में मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, नामित गैर-शासकीय सदस्यों तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

बैठक में विश्वविद्यालय के अकादमिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करने तथा समसामयिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने संबंधी प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई।

बैठक का प्रमुख आकर्षण कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे द्वारा प्रस्तुत वह प्रस्ताव रहा, जिसमें कृषि संकाय परिसर एवं कृषि प्रक्षेत्र का नाम 'भारत रत्न नानाजी देशमुख परिसर' रखने की अनुशंसा की गई। प्रबंध मंडल ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के मूल उद्देश्यों एवं आदर्शों को आत्मसात करते हुए शिक्षा, अनुसंधान और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार और कार्य विश्वविद्यालय की प्रेरणाशक्ति हैं। कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने कहा कि भविष्य में कृषि प्रक्षेत्र परिसर को राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख परिसर के नाम से जाना जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे की नियुक्ति के बाद आयोजित यह प्रबंध मंडल की पहली बैठक थी। बैठक के प्रारंभ में प्रबंध मंडल के सदस्यों ने कुलगुरु का आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात कुलगुरु ने विश्वविद्यालय की ओर से सभी सदस्यों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया।

कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पाण्डेय ने एजेंडा के विभिन्न बिंदुओं को बैठक के समक्ष प्रस्तुत किया। विचार-विमर्श के उपरांत आवश्यक संशोधनों एवं सुझावों सहित विभिन्न प्रस्तावों को पारित किया गया। बैठक में डॉ महेंद्र मणि द्विवेदी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा( रीवा) , तोकानंद टेकाम संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा ( रीवा), आशीष पांडे उप संचालक कृषि (सतना), प्रो. टी. आर. शर्मा (जबलपुर), डॉ. अमित कुमार गोस्वामी (दिल्ली), शिव कुमार सिंह सोमवंशी (नकटी-देवीपुर, सतना), विनोद तिवारी (सतना), विजय पाल सिंह यादव (सतना), डॉ. पूर्णिमा दांते (भोपाल), इंजी. ब्रजेश कुमार शुक्ला (रीवा), डॉ. राकेश बाजपेयी (जबलपुर), धर्मेन्द्र सिंह विसेन (सतना), अतुल जैन (दिल्ली) एवं डॉ. विवेक सिंह (वर्धा) प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे, जबकि डॉ. एन. के. जैन (दिल्ली) ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। अंत में कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पाण्डेय ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जिला अस्पताल में तड़प रहे करंट पीड़ित के लिए मसीहा बना अजनबी, कराया इलाज





**सतना।**

सतना के सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में मानवता की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। मैहर की एक फैक्ट्री में करंट लगने से गंभीर रूप से घायल होकर तड़प रहे एक बेसहारा युवक के लिए विनोद कुमार वर्मा नाम का व्यक्ति भगवान बनकर सामने आया और उसकी जान बचाई। जानकारी के मुताबिक, घायल युवक छत्तीसगढ़ के शहजादपुर का रहने वाला है और वह मैहर की सरला नगर स्थित एक फैक्ट्री में बतौर इलेक्ट्रिशियन (इलेक्ट्रिक मैकेनिक) काम करता था। काम के दौरान वह हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया था।

विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि घायल युवक का सौरभ नामक एक साथी उसे मैहर के सरकारी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद सतना जिला अस्पताल रेफर करवाकर यहाँ लाया था। लेकिन यहाँ लाने के बाद सौरभ पीड़ित को लावारिस हालत में छोड़कर कहीं चला गया और लगातार फोन लगाने पर भी उसका कोई अता-पता नहीं मिल रहा है। युवक अस्पताल के वार्ड में दर्द से तड़प रहा था और उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। जब विनोद की नज़र उस पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत तत्परता दिखाई। विनोद ने अस्पताल की नर्सों और डॉक्टरों से बात की, कागजी औपचारिकताएं पूरी करवाईं और युवक को यथा उचित इलाज और दवाइयां मुहैया कराईं। विनोद के इस मानवीय प्रयास की अस्पताल परिसर में हर कोई सराहना कर रहा है।

## मां शारदा धाम में उमड़ी भारी भीड़, अव्यवस्था तेंदुए की सुगबुगाहट से बढ़ी चिंता

**मैहर।**

मां शारदा धाम में विशेष मुंडन मुहूर्त के अवसर पर आज हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही दर्शन और मुंडन संस्कार के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। हालांकि, इस भारी भीड़ के बीच प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं की भारी कमी और लापरवाही देखने को मिली, जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। पर्याप्त बैरिकेडिंग न होने के कारण कई लोग पहाड़ी के जोखिम भरे रास्तों से जाने को मजबूर हुए।

इसी दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी तेजी से वायरल हुआ, जिसमें मंदिर के पहाड़ी क्षेत्र में एक तेंदुआ घूमता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कई दिनों से यहां



तेंदुए की मौजूदगी की खबरें आ रही हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर डर का माहौल है। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि वन विभाग, प्रशासन और प्रबंध समिति को समय रहते भीड़ प्रबंधन और वन्यजीव सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने चाहिए ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## एससी वर्ग के मामलों में संवेदनशीलता से करें त्वरित कार्रवाई: डॉ. कैलाश जाटव



### राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**सतना।**

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बुधवार को अपने सतना प्रवास के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के विरुद्ध दर्ज अपराधों की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रकरणों, उनकी जांच और अब तक हुई कार्रवाई की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

### पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना प्राथमिकता

बैठक को संबोधित करते हुए आयोग के अध्यक्ष डॉ. जाटव ने पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े मामलों में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। उन्होंने कहा पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना प्रशासन और पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अनुसूचित जाति वर्ग के मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जितने भी मामले लंबित हैं, उनका शीघ्र निराकरण कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कड़ी कार्यवाही की जाए।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) गौरव पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रेमलाल कुर्वे और सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इनके अलावा आरआई श्रीमती देविका सिंह बघेल, थाना प्रभारी कोलगवां सुदीप सोनी, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रावेंद्र द्विवेदी, थाना प्रभारी सिविल लाइन श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा सहित अन्य थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

## कन्या महाविद्यालय में फर्जी पत्र और सांप्रदायिक तनाव का आरोप, एनएसयूआई ने खोला मोर्चा



### प्राचार्य को निलंबित करने और वित्तीय अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी



**सतना**

सतना के एक प्रतिष्ठित कन्या महाविद्यालय में फर्जी पत्र, सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने की साजिश और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर विवाद गहरा गया है। एनएसयूआई ने जिला प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अत्यंत गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन का दावा है कि एक भाजपा नेता के फर्जी लेटरपैड का दुरुपयोग कर एक शिकायती पत्र तैयार किया गया, जिसमें महिला प्राध्यापकों पर छात्राओं के मोबाइल नंबर बांटने और 'लव जिहाद' जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने के आपत्तिजनक व मनगढ़ंत आरोप लगाए गए हैं। संगठन के अनुसार, इसका मुख्य उद्देश्य कॉलेज के शांत माहौल को सांप्रदायिक रंग देकर छात्राओं और अभिभावकों में भय पैदा करना है।

इसके अतिरिक्त, कॉलेज प्रशासन पर नियमों को ताक पर रखकर छात्राओं से 3500 का अवैध विलंब शुल्क वसूलने और इसका विरोध करने पर महिला शिक्षकों के उत्पीड़न का भी आरोप है। एनएसयूआई ने जिला प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी है कि यदि आरोपी प्राचार्य को तत्काल निलंबित कर पूरे मामले की न्यायिक व फॉरेंसिक जांच नहीं कराई गई, तो संगठन छात्रों के भविष्य और महिला सम्मान की रक्षा के लिए उग्र लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## परिवहन और पुलिस विभाग की संयुक्त चेकिंग: 12 बसों पर कार्रवाई

**सतना।**

**परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत बसों का संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कुल 37 बसों की जांच की गई, जिसमें से निर्धारित मापदंडों पर खरी न उतरने वाली 12 बसों पर कार्रवाई करते हुए 12,000 का राजस्व वसूला गया।**



अभियान के दौरान चालकों को यातायात नियमों की समझाइश दी गई और आपात स्थिति के लिए अग्निशमन यंत्र के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। स्कूल बस संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे बसों में परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण कार्ड, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, और चालक-कंडक्टर की वर्दी व नेम प्लेट अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

## 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान: मैहर पुलिस ने नागरिकों को किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक

**मैहर।** जिले में पुलिस विभाग द्वारा ऑनलाइन ठगी और डिजिटल फ्रॉड से आमजन को बचाने के लिए ₹सेफ क्लिक 2.0 – सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन₹ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को साइबर अपराधियों के हथकंडों से सचेत किया। नागरिकों को सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही अपना बैंक ओटीपी साझा करें। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह पहल डिजिटल सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए है। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो उसे तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर सूचना देने से पीड़ित का बैंक खाता होल्ड किया जा सकता है, जिससे डूबा हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

**नाम सुधार सूचना**

मै उत्तम कुमार नामदेव पिता छेदी लाल नामदेव उम्र 19 वर्ष निवासी - 04 ग्राम इटौरा गढ़ पो. पैकनगाव, जिला रीवा (म.प्र.) का हूँ। आधार नं. 8095 6219 8784 मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मै उपरोक्त पते का निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम CHHEDI LAL NAMDEO लेख हैं । मैने ST. JOSEPH'S HIGHER SECONDARY SCHOOL, SINGRAULI, DISTT SINGRAULI M.P. से शिक्षण सत्र 2022 में कक्षा 10वीं एवं शिक्षण सत्र 2024 में कक्षा 12 वीं की परीक्षा देकर उत्तीर्ण किया हूँ । उक्त स्कूल के रिकार्ड एवं शैक्षणिक रिकार्ड में मेरे पिता का नाम CHHDI LAL NAMDEO लेख हैं। उक्त दोनों नाम CHHEDI LAL NAMDEO एवं CHHDI LAL NAMDEO एक ही व्यक्ति यानी मेरे पिता CHHEDI LAL NAMDEO का नाम है। मेरे शैक्षणिक रिकार्ड एवं स्कूल रिकार्ड में पिता का नाम CHHDI LAL NAMDEO के स्थान पर CHHEDI LAL NAMDEO सुधार कराये जाने बावत् यह शपथ पत्र निष्पादित करा रहा हूँ जो सही एवं सत्य है ।

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन में पकड़े गए अवैध वेंडर, सामग्री जब्त

**कटनी।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा और खान-पान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा एक संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया। इस कार्रवाई के दौरान स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से सामग्री बेच रहे अवैध वेंडरों पर शिकंजा कसा गया। संयुक्त टीम ने की कार्रवाईयह औचक निरीक्षण रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य रूप से नावेद सीसीआई, एच.के. शुक्ला एसएमसी, बलवेंद्र प्रताप सिंह सीएचआई शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान स्टेशन के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर अवैध रूप से घूमकर सामान बेच रहे वेंडरों में हड़कंप मच गया। टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए अवैध वेंडरों को रंगे हाथों पकड़ा। पकड़े गए अवैध वेंडरों से बेची जा रही सामग्री को तत्काल जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए सामान को रेलवे के पार्सल ऑफिस में जमा कराया गया है। पकड़े गए आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल के हवाले कर दिया गया है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध वेंडिंग के खिलाफ इस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### स्टंट करने वाले ऑटो चालक पर हुई कार्रवाई

**कटनी।** सोशल मीडिया पर सार्वजनिक मार्ग पर खतरनाक स्टंट करते एक ऑटो चालक का वीडियो वायरल होने के बाद यातायात पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। वीडियो की जांच के बाद संबंधित चालक की पहचान कर उसके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता या मनोरंजन के लिए सड़क पर स्टंट करना कानूनन अपराध है। इस तरह की लापरवाही चालक, यात्रियों और अन्य राहगीरों के जीवन को खतरे में डाल सकती है।

### तिलक कॉलेज में पीएम इंटर्नशिप योजना संबंधी ऑनलाइन प्रशिक्षण

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से संबंधित एक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्याल के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी के संरक्षण एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र में दिल्ली के विषय विशेषज्ञ तरुण शर्मा ने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन प्रतिनिधियों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान श्री शर्मा ने पीएमआईएस पायलट राउंड–III की पंजीयन प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए योजना के उद्देश्य, लाभ, पात्रता एवं अपात्रता की शर्तों पर प्रकाश डाला।

# सायबर अपराधों की रोकथाम एवं जन-जागरूकता के लिये 15 दिवसीय सेफ क्लिक 2.0 अभियान का शुभारंभ








**पन्ना। मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आज दिनांक 24 जून 2026 से संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ पन्ना जिला में भी साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जन-जागरूकता हेतु 15 दिवसीय विशेष अभियान ^।थ्क बस्प्ब्ज - 2026^ (सुरक्षित क्लिक - सुरक्षित जीवन) का शुभारंभ किया गया। यह अभियान आगामी 08 जुलाई 2026 तक जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में प्रारंभ किए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को इंटरनेट, स्मार्टफोन एवं डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा समाज में साइबर स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं को देखते हुए नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। अभियान के दौरान पन्ना पुलिस द्वारा ओटीपी फ्रॉड, सिम स्वैपिंग, सेक्सटॉर्शन, म्यूल अकाउंट्स, डिजिटल/होम अरेस्ट स्कैम, हैकिंग, पहचान की चोरी, फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, साइबर बुलिंग, गोपनीयता का उल्लंघन, डेटा चोरी, फर्जी जॉब एवं लोन फ्रॉड, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड सहित विभिन्न साइबर अपराधों के तौर-तरीकों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। जिला स्तर पर अभियान की नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान को नियुक्त किया गया है, जबकि अनुभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान की गतिविधियों का संचालन, निर्देशन एवं पर्यवेक्षण करेंगे। अभियान के अंतर्गत जिले के स्कूलों, महाविद्यालयों, बैंक परिसरों, कोचिंग संस्थानों, हाट-बाजारों, ग्राम पंचायतों तथा विभिन्न शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों में प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा बृहद स्तर पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रमुख बाजारों, बस स्टैंडों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साइबर सुरक्षा संबंधी पम्पलेट वितरित किए गए तथा बैनर एवं फ्लेक्स के माध्यम से आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बसों, टैक्सियों, ई-रिक्शा एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों में साइबर जागरूकता संबंधी पम्पलेट एवं संदेश चस्पा किए गए तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जनसंपर्क कर नागरिकों को जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी साइबर सुरक्षा संबंधी संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा साइबर सुरक्षा एवं जन-जागरूकता संबंधी एक विशेष वीडियो संदेश जारी कर नागरिकों से सतर्क रहने, साइबर स्वच्छता अपनाने तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई।

## संजय नगायच के आज प्रथम आगमन पर जहां कार्यकर्ताओं में उत्साह वहीं स्वयं भी कार्यकर्ताओं में जोश भरते नजर आये

**पन्ना।** मध्यप्रदेश बेयर हाउसिंग कार्पोरेशन एण्ड लॉजिस्टिंग के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार 24 जून को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संजय नगायच अपने ग्रह जिले पन्ना पहुंचे। निश्चितौर पर जहां कार्यकर्ताओं के लिए यह क्षण स्वागत और उत्साह को लेकर माना जा रहा है। वहीं स्वयं संजय नगायच जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा के कार्यप्रणाली के बारे में उद्बोधन दे रहे थे। समय कब किस कार्यकर्ता के लिए महत्वपूर्ण हो जाये और कौन कहां पहुंच जाये यह भाजपा में संभव है। निश्चित ही क्योंकि भाजपा के कार्यप्रणाली में जिस तरह से संजय नगायच की भूमिका जिले से लेकर प्रदेश तक आज जानी जा रही है। भाजपा ने संजय नगायच को पहले भी एक बार कॉपरेटिव बैंक का चेयरमैन बनाकर एक बेहद ऐसे समय पर पदस्थ किया था हालात बदले पर यह पद भी भारी पड़ा। इसके बाद का समय राजनीति में उठापटक को लेकर चलता रहा। यहां तक कि भाजपा से निस्कासित करने तक के हालात बने। साथ ही खजुराहो सांसद चुनाव के दौरान जब बी.डी. शर्मा को जब पहली बार यहां से चुनाव मैदान में उतारा गया था तो भाजपा में संजय नगायच ही एक ऐसे नेता के नाम पर उभरे थे जहां बी.डी. शर्मा के विरोध में बाखूबी मुखुर विरोध करके चर्चा में बने रहे। वहीं विधानसभा चुनाव में टिकिट की दावेदारी को लेकर पवई से भरसक प्रयास किया। पिछली विधानसभा चुनाव के दौरान समूची पवई विधानसभा में जहां आम जनता से सम्पर्क में जुटे पर सफलता भले नहीं मिली विधानसभा चुनाव के बाद संजय नगायच पन्ना की राजनीति से अपने आप को कहीं न कहीं अदृश्य हालात में बनाये रहे। प्रदेश की राजनीति में अपनी स्वयं की सोच के साथ एक बार फिर नये आयाम के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व जो भारतीय जनता पार्टी ने निगम मण्डलों में जैसे ही अध्यक्षों की पदस्थापना की जिसमें मध्यप्रदेश बेयर हाउसिंग कॉर्पोशन एण्ड लॉजिस्टिंग के अध्यक्ष पद के रूप में संजय नगायच को यह पद देकर एक स्वर्णिम काल को लेकर फिर समय आया पन्ना की राजनीति में आपकी कार्यप्रणाली सदैव संघर्ष को लेकर जानी जाती है। निश्चितौर पर पन्ना विधानसभा से प्रत्याशी पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की प्रमुख विरोधी के रूप में आपकी पहचान समूचे जिले में कायम है वहीं मध्यप्रदेश में राजनीति को लेकर भी संजय नगायच युवा व्यक्तित्व जिन्हें जिन्हें यह पद मिलने से पन्ना में उत्साह को लेकर कार्यकर्ताओं में निश्चित ही कहीं न कहीं एक नई ऊर्जा के साथ माना जा रहा है वहीं स्वयं संजय नगायच ने भी कार्यकर्ताओं में भाजपा पार्टी की कार्यप्रणाली के बारे में कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे थे। साथ ही कार्यकर्ताओं में उत्साह है अब देखना यह है कि संजय नगायच को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया मोहन यादव ने सौंपी है जहां राजनीति में पन्ना के विकास को लेकर संजय कितनी दूरगामी सोच के साथ आगे बढायेगें जिस पर है सबकी नजर।



## पन्ना जिले मे लंबे समय से जमे उपयत्री श्री रंग सोनी का हो स्थानांतरण, आम जनता ने उठाई आवाज

### जहां रहे वहां भ्रष्टाचार को दिया अंजाम वर्षों से एक ही चले में चल रहे पदस्थ

**अमानगंज।** पन्ना जिले की जनपद इन दोनों भ्रष्टाचार के अकाउंट में डूबी हुई है जहां पर पदस्थ उपन्यत्री श्री रंग सोनी इसके द्वारा मनरेगा कार्यो में भारी भरकम भ्रष्टाचार कराया जा रहा है मनरेगा कार्यो की राशि निकालने में सरपंच सचिव रोजगार सहायक को साथ लेकर राशि का मामला क्षेत्र की ग्राम पंचायत में देखने को मिल रहा है जहां पर सरपंच रोजगार सहायकों के परिवार जनों की हरजी लगाकर मास्टर जनरेट किए जा रहे हैं और राशि का बंदरबन किया जा रहा है श्री रंग सोनी पन्ना जिले में वर्षों से पदार्थ रहकर लगातार भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं परंतु उनके खिलाफ जिले की जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही के नाम पर आनाकानी करते दिखाई देते हैं जिले में जी सेक्टर में रहे चाहे सलेहा हो या देवेंद्र नगर हो या अमानगंज भ्रष्टाचार चरम पर किया गया अधिकारियों एवं नेताओं की शिल्पकार करने में माहिर श्री रंग सोनी जिले में भ्रष्टाचार का पर्याय बने हुए हैं ग्राम पंचायतो को सीधे भ्रष्टाचार करने की खुली छूट देने वाले उपयंत्री ने जिले में रहकर अकूत संपत्ति जोड़ रखी है जिसकी जांच भी जिला प्रशासन को करनी चाहिए एवं सेक्टर एवं जहां जहां पदस्थ रहे वहां विभागीय जांच करनी चाहिए जिसमें उनके भ्रष्टाचार की स्थिति साफ हो जाएगी जिला कलेक्टर महोदय को श्रीरंग सोने की सेक्टर बार कार्यों की जांच जनहित में है।

### दहेज प्रताड़ना व मारपीट का मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना अमानगंज में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया है। ग्राम घटारी निवासी 23 वर्षीय पूजा चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2024 में उसकी शादी ग्राम कोठी निवासी माखनलाल चौधरी से हुई थी। विवाह के कुछ माह बाद पति, सास और ससुर द्वारा दहेज में मोटरसाइकिल एवं एक लाख रुपये की मांग को लेकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार 21 जून 2026 को पति ने गाली-गलौज कर मारपीट की तथा दहेज की मांग पूरी न होने पर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग पहुंचे, लेकिन उन्हें भी अपमानित कर वापस भेज दिया गया। इसके बाद पीड़िता ने थाना अमानगंज पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच उपरांत आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 85, 115(2), 351(3), 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## साढ़े चार करोड़ की लागत से बना शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ भवन चार साल में ही जर्जर, नींव धंसने और दीवारों में दरारों से सुरक्षा पर मंडराया खतरा

**अजयगढ़।** लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ का भवन निर्माण के मात्र चार वर्ष बाद ही गंभीर तकनीकी खामियों और संरचनात्मक कमजोरियों का शिकार होता दिखाई दे रहा है। भवन में लगातार कक्षाएं संचालित हो रही हैं, लेकिन नींव धंसने, दीवारों में दरारें आने तथा कई स्थानों पर भवन की संरचना कमजोर होने की खबरों ने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार महाविद्यालय भवन का निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं के साथ कराया गया था, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। किंतु वर्तमान स्थिति को देखकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। भवन के विभिन्न हिस्सों में दिखाई दे रही दरारें और



जमीन धंसने जैसी घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता मानकों का समुचित पालन नहीं किया गया होगा। महाविद्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं अध्ययन करने पहुंचते हैं। इसके अलावा प्राध्यापक एवं कर्मचारी भी नियमित रूप से भवन में कार्यरत रहते हैं। ऐसी स्थिति में यदि भवन की संरचनात्मक मजबूती पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों एवं क्षेत्रीय नागरिकों में भी चिंता का माहौल है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग तथा संबंधित निर्माण एजेंसी से मांग की है कि भवन की तत्काल उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए। साथ ही किसी स्वतंत्र विशेषज्ञ संस्था से भवन की गुणवत्ता, नींव की स्थिति और संरचनात्मक मजबूती का परीक्षण कराकर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। नागरिकों का कहना है कि यदि जांच में निर्माण कार्य में लापरवाही, घटिया सामग्री के उपयोग या तकनीकी मानकों की अनदेखी सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों, ठेकेदारों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। करोड़ों रुपये की सार्वजनिक राशि से निर्मित भवन का इतनी कम अवधि में क्षतिग्रस्त होना गंभीर चिंता का विषय है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि समय रहते आवश्यक सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए और भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि अथवा दुर्घटना होती है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभागों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की होगी। जनहित में मांग की गई है कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भवन का तत्काल निरीक्षण, तकनीकी परीक्षण और आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

## बिहार पीएससी में चयनित पुष्पेंद्र तिवारी की नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष



**गुनौर।** बिहार लोक सेवा आयोग (ठच्ैब्) में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले होनहार युवा पुष्पेंद्र तिवारी के प्रथम नगर आगमन पर गुनौर नगर में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं नागरिकों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जगह-जगह फूल-मालाओं से सम्मानित कर लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की। नगर पहुंचने के बाद पुष्पेंद्र तिवारी सबसे पहले बालाजी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान के दर्शन कर माथा टेकते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में शुभचिंतक भी उनके साथ मौजूद रहे। इसके बाद जब पुष्पेंद्र तिवारी अपने निवास पहुंचे तो वहां का नजारा किसी उत्सव से कम नहीं था। परिवारजनों और रिश्तेदारों ने डीजे-बैंड की धुनों, पुष्प वर्षा और आतिशी स्वागत के साथ उनका अभिनंदन किया। पूरे क्षेत्र में उनकी सफलता को लेकर खुशी का माहौल देखने को मिला। लोगों ने मिठाइयां बांटकर और एक-दूसरे को बधाई देकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। नगरवासियों का कहना है कि पुष्पेंद्र तिवारी की मेहनत, लगन और संघर्ष ने यह साबित कर दिया है कि छोटे नगरों के युवा भी बड़े सपनों को साकार कर सकते हैं। उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने पुष्पेंद्र तिवारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल परिवार बल्कि पूरे गुनौर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। बिहार पीएससी में चयन के बाद प्रथम नगर आगमन पर हुए इस भव्य स्वागत ने पूरे नगर को गौरवान्वित कर दिया। इस दौरान बालाजी मंदिर महंत बालक दास महाराज, पड़ेरी मंदिर संचालक गोपाल दास जी महाराज, नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष मलखान सिंह,विजय चतुर्वेदी ,जगदीश पटेल,चंदन सपेरा,अरुण गौतम,केशरी अहिरवार,बृजेंद्र खंपरिया,जगदीश पटेल,रज्जू चनपुरिया,डॉ. एस एन विश्वास,ब्रजेश तिवारी,रवि द्विवेदी,सचिन पाठक,श्रवण तिवारी,शनि राजा,राजा जी बरशोभा,कुलदीप मिश्रा,सुरेंद्र तिवारी,बाबूराम पाठक,सत्यम पाठक,विवेक पाठक,मनीष पांडे,धर्मेंद्र तिवारी,धीरज पाण्डेय सहित नगर वासी उपस्थित रहे।

### शासकीय आई.टी.आई. पन्ना में युवा संगम मेला संपन्न



**पन्ना।** शासकीय आईटीआई पुरूषोत्तमपुर पन्ना में गत दिवस युवा संगम मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में क्षेत्र के अनेक युवाओं ने भाग लिया। रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा योग्य आवेदकों का साक्षात्कार लेकर उनका प्राथमिक चयन किया गया। इसमें प्रमुख रूप से हीरो मोटो कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड राजस्थान द्वारा 37 आवेदक, आई.पी.एस. ग्रुप सतना द्वारा 5 आवेदक तथा एल. एण्ड टी. कंस्ट्रक्शन गुना द्वारा 7 आवेदकों का रोजगार हेतु प्राथमिक चयन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि इसी श्रृंखला में आगामी युवा संगम मेले का आयोजन आगामी माह के चतुर्थ मंगलवार को होना प्रस्तावित है।

# शहर में भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध

### जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया, सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक लागू रहेगा

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती ऊषा परमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर पन्ना शहर में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लागू किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया था कि शहर के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश से यातायात व्यवस्था बाधित होती है। साथ ही अस्पताल, स्कूल और बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा का खतरा भी बढ़ रहा है। किसी समय दुर्घटना घटित होने से कानून व्यवस्था की अप्रिय स्थिति भी निर्मित हो सकती है।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित है कि शहर के अंदर निर्धारित समय में डायमंड चौराहा, मोहन निवास चौराहा, सिटी पोस्ट ऑफिस चौराहा एवं लक्ष्मीपुर



तिराहा से भारी व व्यवसायिक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। बृजपुर की ओर से आने वाले सभी भारी वाहन लक्ष्मीपुर से दहलान चौकी होते हुए पन्ना-अजयगढ़ मार्ग से होकर जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने मोटर व्हीकल अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं 1994 के नियम 215 अंतर्गत एवं पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन अनुसार आवश्यक सेवाओं के वाहनों को उक्त प्रतिबंध से छूट प्रदान की है। फायर बिग्रेड, एम्बुलेंस, पुलिस वाहन, नगर पालिका की स्वास्थ्य सेवाओं में लगे वाहन, एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थ वाले वाहन, दुग्ध वाहन, विद्युत मंडल के कार्य में संलग्न वाहन, राज्य शासन की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के उठाव कार्य में लगे वाहन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों में युवा अन्नदूत योजना में खाद्यान्न उठाव कार्य में संलग्न वाहनों को उक्त प्रतिबंध से छूट रहेगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जिला मजिस्टेट द्वारा 24 सितम्बर 2024 को निर्धारित समयावधि में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध संबंधी आदेश जारी किया गया था। जिसकी निर्धारित अवधि समाप्त होने के उपरांत व्यवस्था को यथावत रखने के उद्देश्य से पुनः आदेश जारी किया गया है।

## पेपर लीक, बेरोजगारी, लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़




### भर्ती में देरी और शिक्षा व्यवस्था की विफलता के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का राष्ट्रव्यापी शंखनाद, जिले में आयोजित होगा, जनसंवाद

**पन्ना।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर देश और प्रदेश के युवाओं एवं विद्यार्थियों के हक की आवाज बुलंद करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय पर एक व्यापक श्छात्रों की गूंजश प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि आज देश का युवा और छात्र वर्ग पेपर लीक, परीक्षाओं के बार-बार रद्द होने, भर्ती प्रक्रियाओं में जानबूझकर की जा रही देरी, आसमान छूती बेरोजगारी और चरमराती शिक्षा व्यवस्था के कारण गहरे अवसाद और हताशा में है। युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ के खिलाफ छात्रों युवाओं के साथ संवाद (छात्रों की गूंज) यह अभियान कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के भविष्य युवाओं की आशाओं, आकांक्षाओं और उनके अधिकारों को बचाने का एक बड़ा जन आंदोलन है।

### राहुल गांधी जी का संदेश

कोटा में आयोजित श्छात्रों की गूंजश रैली के दौरान छात्रों से संवाद कर राहुल गांधी जी ने उनके दर्द को जाना उसी संदेश को हम जनता के बीच रखने जा रहे है। इस छात्र एवं युवा संवाद (छात्रों की गूंज) केवल राजनीतिक दल ही नहीं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी, छात्र, शिक्षक, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक समाज के प्रबुद्ध लोग शामिल होकर अपनी बात रख सकते हैं। प्रेस के माध्यम से जिले के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, छात्र-छात्राओं और मीडिया जगत से अपील करती है कि वे युवाओं के हक की इस लड़ाई में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं और तानाशाही व विफल व्यवस्था के खिलाफ इस गूंज को और मजबूत करें। कार्यक्रम स्थल - लकी गार्डन गीता पेट्रोल पंप के सामने इंद्रपुरी कॉलोनी, पन्ना दिनांक- 25 जून 2026 शाम 5:00 बजे आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान जी के द्वारा की गई, तथा प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पूर्व विधायक पन्ना श्रीकांत दुबे, जिला संगठन महासचिव राजबहादुर पटेल, नगर अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष कदीर खान, बृजेंद्र दुबे एवं समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उपस्थित रहे।

# डॉ. बीडी चौरसिया के नाम पर मेडिकल कॉलेज का नामकरण करने की मांग

छतरपुर।

चौरसिया समाज द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें छतरपुर मेडिकल कॉलेज का नाम प्रसिद्ध चिकित्सक एवं शिक्षाविद् डॉ. बीडी चौरसिया के नाम पर रखने की मांग को लेकर चर्चा की गई। बैठक में समाज के लोगों ने एकमत होकर शासन से मेडिकल कॉलेज का नाम डॉ. बीडी चौरसिया के नाम पर किए जाने का आग्रह किया।

बैठक को संबोधित करते हुए चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष बृजेश चौरसिया काजू ने डॉ. बीडी चौरसिया के जीवन, कार्यों एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. बीडी चौरसिया न केवल भारत बल्कि विश्व स्तर पर अपनी चिकित्सा संबंधी पुस्तकों और शोध कार्यों के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। उनकी लिखी गई पुस्तकें आज भी मेडिकल छात्रों एवं चिकित्सकों के लिए मार्गदर्शक का कार्य कर रही हैं।

बैठक में उपस्थित समाजजनों एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े डॉक्टरों ने भी डॉ. बीडी चौरसिया से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए छतरपुर मेडिकल कॉलेज का नाम उनके नाम पर रखा जाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर डॉ.



एलसी चौरसिया, डॉ. शिवेन्द्र कुमार चौरसिया, डॉ. सुनील चौरसिया, रनछोर चौरसिया, ऋतु चौरसिया, दुर्गा चौरसिया, निधि चौरसिया, शशिकांत चौरसिया, डॉ. डीडी चौरसिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

दुनिया भर में एनाटॉमी के जनक के रूप में विख्यात दिवंगत डॉ. बी.डी. चौरसिया का पूरा नाम भगवानदीन चौरसिया था। चिकित्सा शिक्षा की रीढ़ माने जाने वाले डॉ. बी.डी. चौरसिया का जन्म 1 अक्टूबर 1937 को छतरपुर जिले के एक छोटे से कस्बे बारीगढ़ में हुआ था। उनका लालन-पालन माता राधारानी और पिता रमादीन चौरसिया के एक साधारण किसान परिवार में हुआ। ग्रामीण परिवेश से निकलकर उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा 1954 में इलाहाबाद के इविंग क्रिश्चियन कॉलेज से पूरी की। बचपन से ही मेधावी रहे चौरसिया ने इसके बाद चिकित्सा क्षेत्र का रुख किया। उन्होंने वर्ष 1960 में इंदौर के सुप्रसिद्ध महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की। इसके ठीक पांच साल बाद यानी 1965 में उन्होंने इसी संस्थान से शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) में मास्टर ऑफ सर्जरी की डिग्री हासिल की। उच्च शिक्षा के प्रति उनके जुनून का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 1975 में ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि भी प्राप्त की।

डॉ. चौरसिया ने अपने करियर की शुरुआत एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर के एनाटॉमी विभाग में एक प्रदर्शक के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में व्याख्याता के रूप में सेवाएं दीं। वर्ष 1968 में वे गजराराजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में एनाटॉमी के रीडर के रूप में शामिल हुए और जीवन के अंतिम समय तक वहीं अध्यापन कार्य करते रहे।

ग्वालियर में पढ़ाते समय मानव मस्तिष्क और शरीर रचना पर उनके द्वारा हाथ से बनाए गए चित्र और क्लास नोट्स मेडिकल छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गए थे। उस दौर में फोटोकॉपी और टाइपिंग काफी महंगी हुआ करती थी। गरीब और जरूरतमंद छात्रों तक शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए डॉ. चौरसिया अपने नोट्स को खुद साइक्लोस्टाइल (मशीन से प्रिंट) करते थे और महज 10 रूपए की लागत मूल्य पर छात्रों को बांट देते थे। उनके इन बेहतरीन और सरल नोट्स की ख्याति जब नई दिल्ली के सीबीएस पब्लिशर्स तक पहुंची, तो उन्होंने डॉ. चौरसिया को मानव शरीर रचना विज्ञान पर एक विस्तृत पाठ्यपुस्तक लिखने के लिए आमंत्रित किया।

प्रोफेसर इंदरबीर सिंह और प्रोफेसर एस.सी. गुप्ता जैसे विद्वानों से प्रेरित होकर डॉ. चौरसिया ने वर्ष 1979 में अपनी पहली ऐतिहासिक पुस्तक ह्यूमन एनाटॉमी प्रकाशित की। उन्होंने इस गंभीर और जटिल विषय को रोचक बनाने के लिए पुस्तक में पहेलियाँ, कविताएँ, सरल भाषा और आकर्षक फ्लोचार्ट शामिल किए, ताकि छात्रों को यह विषय थकाऊ और उबाऊ न लगे। उन्होंने यह अद्भुत कृति अपने गुरु उमा शंकर नागयाच को समर्पित की थी।

## खबर संक्षेप

### नौगांव पुलिस ने खोज निकाले 21 गुम हुए मोबाइल, मोबाइल पाकर खुश हुए लोग

नौगांव। अक्सर मोबाइल गुम होने के बाद लोगों की उम्मीदें भी खो जाती हैं, लेकिन छतरपुर जिले की नौगांव पुलिस ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यदि शिकायत पर गंभीरता से काम किया जाए तो लोगों की खोई हुई खुशियां लौटाई जा सकती हैं। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में नौगांव पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने तकनीकी जांच और सतत प्रयासों के माध्यम से 21 गुम हुए मोबाइल फोन खोज निकाले। बरामद मोबाइलों में से 6 मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए, जबकि शेष मोबाइल भी जल्द ही संबंधित लोगों तक पहुंचाए जाएंगे। नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम ने एसडीओपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से मोबाइल गुम होने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। आम नागरिकों की परेशानी को देखते हुए इन शिकायतों को प्राथमिकता पर लेते हुए साइबर सेल की मदद से मोबाइलों की लोकेशन ट्रेस की गई और लगातार तकनीकी निगरानी के बाद 21 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल हुई। एसडीओपी अमित मेश्राम ने बताया कि गुम हुए मोबाइल कई बार लोगों के लिए केवल एक उपकरण नहीं होते, बल्कि उनमें महत्वपूर्ण दस्तावेज, निजी जानकारियां, बैंकिंग से जुड़ी सूचनाएं और वर्षों की यादें भी सुरक्षित रहती हैं। ऐसे में मोबाइल की बरामदगी लोगों को बड़ी राहत प्रदान करती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते तकनीकी सहायता से कार्रवाई की जा सके। कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल दोबारा मिल पाएगा, लेकिन पुलिस की सक्रियता और साइबर सेल की मेहनत ने उनकी उम्मीदों को हकीकत में बदल दिया। मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, एसडीओपी अमित मेश्राम तथा पूरी पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की इस पहल ने जनता का विश्वास और मजबूत किया है।

### मोहनी हत्याकांड में दोषी को उम्रकैद, 15 हजार रुपये का जुर्माना

छतरपुर। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश छतरपुर श्री आशीष श्रीवास्तव ने बहुचर्चित मोहनी हत्याकांड में आरोपी गोवर्धन पटेल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 103(1) एवं 115(2) के तहत दोषी पाया। अभियोजन के अनुसार 10 अक्टूबर 2024 की शाम करीब 5:15 बजे 8 वर्षीय मोहनी, हर्ष और युवराज अद्धकुंवारी माता मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम देवकुलिया निवासी आरोपी गोवर्धन पटेल ने मोहनी को यह कहते हुए पकड़ लिया कि वह उसे अधिक चिढ़ाती है और उसे पैर से पकड़कर पानी से भरे कुएं में सिर के बल फेंक दिया। घटना के बाद आरोपी ने कुएं की मुंडेर से ईंट निकालकर मोहनी पर फेंकी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। घटना को देखकर साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी।परिजन और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे तथा मोहनी को कुएं से बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से मृतिका की चांदी की पायल बरामद की गई तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक न होने और घटना अचानक आवेश में होने का तर्क रखा, जबकि अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता पंकज पाठक ने आरोपी को कठोर दंड देने की मांग की। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि घटना आवेश में हुई है, इसलिए इसे विरल से विरलतम श्रेणी का मामला नहीं माना जा सकता, लेकिन अपराध अत्यंत गंभीर है।

# साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने नौगांव में सेफ क्लिक 2.0 अभियान शुरू

**एसपी रजत सकलेचा के निर्देशन में एसडीओपी अमित मेश्राम की प्रेस कॉन्फ्रेंस, 24 जून से 8 जुलाई तक चलेगा व्यापक जनजागरूकता अभियान**

**नौगांव।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आम नागरिकों को ऑनलाइन ठगी से बचाने के उद्देश्य से छतरपुर पुलिस ने व्यापक जनजागरूकता अभियान "सेफ क्लिक 2.0" का शुभारंभ किया है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान की जानकारी नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। सडीओपी अमित मेश्राम ने बताया कि प्रदेशव्यापी साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान 24 जून से 8 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना तथा ऑनलाइन ठगी की घटनाओं को रोकना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहने और साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने की



आवश्यकता है। अभियान के दौरान स्कूल, कॉलेज, बाजार, ग्राम पंचायतों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम, संवाद, कार्यशालाएं एवं जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीओपी ने बताया कि अभियान के तहत ओटीपी फ्रॉड, सिम स्वैपिंग, फिशिंग, यूपीआई धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी नौकरी, फर्जी लोन ऐप, साइबर बुलिंग, पहचान की चोरी, डेटा चोरी, हैकिंग, रैनसमवेयर और निवेश संबंधी ऑनलाइन ठगी जैसे अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक, एप्लीकेशन अथवा लालच देने वाले संदेश पर भरोसा न करें। किसी भी संदिग्ध साइबर घटना की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा cybercrime.gov.in पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर शिकायत दर्ज होने से ठगी गई राशि को वापस दिलाने की संभावना बढ़ जाती है। एसडीओपी अमित मेश्राम ने कहा कि अभियान में जनभागीदारी को विशेष महत्व दिया जाएगा। पुलिस का लक्ष्य केवल अपराध रोकना ही नहीं, बल्कि लोगों को इतना जागरूक बनाना है कि वे साइबर अपराधियों के जाल में फंसने से पहले ही सावधान हो जाएं। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान को लेकर नौगांव पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

# कुएं में मिली नवविवाहिता की लाश, हत्या की आशंका पर भड़के परिजन, अस्पताल तिराहे पर लगाया जाम

**निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर परिजनों का प्रदर्शन**

बड़ा मलहरा।

**अनुभाग के भगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिगरी में एक 19 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतिका का शव गांव के एक कुएं से बरामद होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना को लेकर मृतिका के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोपियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।**

जानकारी के अनुसार मृतिका उमा अहिरवार 19 वर्ष पुत्री प्रकाश अहिरवार निवासी देवपुर तथा पत्नी नरेन्द्र अहिरवार निवासी ग्राम टिगरी थी। परिजनों का कहना है कि उमा को मंगलवार शाम करीब 6 बजे अस्पताल लाया गया था लेकिन



बाद में उसका शव कुएं में मिलने की सूचना मिली जिससे परिजन स्तब्ध रह गए।उन्होंने आरोप लगाया कि उमा की हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को कुएं में फेंका गया है।

घटना की सूचना मिलते ही भगवां थाना प्रभारी सुरभि शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं होने से आक्रोशित परिजनों ने बड़ा मलहरा अस्पताल तिराहे पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बड़ा मलहरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा कर उन्हें निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजनों ने अपना आंदोलन समाप्त कर यातायात बहाल कर दिया।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है और लोग मामले के शीघ्र खुलासे की मांग कर रहे हैं। हालांकि शव का पोस्टमार्टम कर प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# जमानत पर छूटे हत्या के आरोपी पर हमले का आरोप, पीड़ित परिवार ने एसपी से मांगी सुरक्षा



छतरपुर।

महाराजपुर थाना क्षेत्र के मनकहरी गांव में हत्या के एक मामले के आरोपी पर पीड़ित परिवार ने घर में घुसकर पथराव करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर बुधवार को पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा सुरक्षा की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

पीड़ित हृदेश पटेल ने आवेदन में बताया कि वर्ष 2025 में उसके पिता की हत्या हुई थी, जिसके मामले में राधवेंद्र पटेल सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज है। आरोप है कि हाल ही में जमानत पर रिहा हुए मुख्य आरोपी राधवेंद्र पटेल द्वारा लगातार परिवार को धमकाया जा रहा है।

हृदेश पटेल के अनुसार 23 जून की रात आरोपी उनके घर के बाहर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपी द्वारा ईंट-पत्थर फेंके गए, जिससे उसे हाथ और पैर में चोटें आईं। घटना के बाद तत्काल डायल-112 को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी वहां से फरार हो गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि थाना स्तर पर शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इससे परिवार के सदस्यों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। परिवार ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी की गिरफ्तारी, उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पीड़ित पक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी आरोपी पक्ष की होगी।

# आयुरग्राम टेम्पल ऑफ हेल्थ, खजुराहो में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

खजुराहो।

आयुरग्राम-टेम्पल ऑफ हेल्थ, खजुराहो में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं महिलाओं के लिए विशेष योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेश योगी द्वारा किया गया। उन्होंने योग जागरूकता सत्र में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। अपने संबोधन में उन्होंने तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने तथा संपूर्ण स्वास्थ्य संवर्धन में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम दादाजी इंटरनेशनल कल्चरल सेंटर एवं मतंगेश्वर सेवा समिति, खजुराहो के



पंडित सुधीर शर्मा तथा इंजीनियर सुरेन्द्र गुप्ता (फ्रांस) के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उनका समग्र स्वास्थ्य एवं भारतीय पारंपरिक जीवनशैली के प्रति समर्पण समाज को निरंतर प्रेरित करता है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में अभिजीत ऑसमंड (ट्रैवल योगी), राकेश रजोरिया (परिवर्तन एनजीओ), मीना राकेश (परिवर्तन एनजीओ एवं वुड्स कैफे), डॉ. संदीप सोनी (ओशो आश्रम, खजुराहो), कृष्णा (आयुरग्राम) तथा वीरू सैंगोट (बीएमएस) उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों एवं महिलाओं के बीच योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आयुरग्राम के प्रयासों की सराहना की।प्रतिभागियों ने आयुरग्राम के शांत एवं प्राकृतिक वातावरण में आयोजित योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का संदेश दिया गया, जिससे वे स्वस्थ, प्रसन्न एवं संतुलित जीवन जी सकें। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की भावना को साकार करता है तथा योग को शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक प्रभावशाली माध्यम होने की पुष्टि करता है।

# एसपी कार्यालय पहुंचे मनुरिया गांव के पीड़ित, रमाशंकर द्विवेदी व उनके बेटों पर प्रताडना और मारपीट का गंभीर आरोप



छतरपुर। जिले के गौरिहार थाना अंतर्गत ग्राम मनुरिया में दबंगई और आपसी विवाद का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें एक ही परिवार के रमाशंकर द्विवेदी और उनके बेटों हर्ष व दीपेश द्विवेदी पर गांव के कई लोगों को प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगे हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सौंपे गए अलग-अलग शिकायती आवेदनों के अनुसार पहली घटना में राजबहादुर बसोर ने आरोप लगाया कि उनके 14 वर्षीय नाबालिग बेटे को मजदूरी कराने से रोकने पर प्रधान पुष्पेंद्र द्विवेदी, कल्लू द्विवेदी और रमाशंकर द्विवेदी ने लाठियों और डंडों से उन पर व उनकी पत्नी पर जानलेवा हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। वहीं, दूसरी शिकायत में रविकुमार अहिरवार ने बताया कि दीपेश, हर्ष और रमाशंकर द्विवेदी द्वारा उन्हें फोन पर जातिसूचक गालियां दी जा रही हैं और जब वे गौरिहार थाने रिपोर्ट करने गए, तो आरोपियों ने थाने के अंदर ही घुसकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी, लेकिन स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी मामले से जुड़े एक अन्य संयुक्त आवेदन में राकेश अनुरागी, गिरजा अनुरागी और रवि सहित अन्य पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि रमाशंकर द्विवेदी, हर्ष और दीपेश ने उनके चाचा रामपाल अनुरागी के साथ लात-घूंसों और डंडों से जमकर मारपीट की और बाद में पुलिस से साठगांठ कर रामपाल को अवैध हथियार के झूठे मामले में फंसाकर गिरफ्तार करवा दिया। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी राजनीतिक रसूख वाले व्यक्ति हैं जो पूरे हरिजन समाज को गांव छोडने और जान से मारने की लगातार धमकियां दे रहे हैं। स्थानीय थाने से न्याय न मिलने पर आज सभी पीड़ितों ने छतरपुर एसपी से निष्पक्ष जांच और जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# बंटवारे के विवाद में खून-खराबा कुल्हाड़ी से हमला करने वाले तीन सगे भाई गिरफ्तार

**पैतृक संपत्ति के विवाद में चली कुल्हाड़ी, एक गंभीर घायल**

बड़ा मलहरा।

बड़ा मलहरा अनुविभाग के थाना बमनौरा क्षेत्र के ग्राम बारौं में जमीन के बंटवारे का विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बता दे कि पारिवारिक विवाद के दौरान तीन सगे भाइयों ने अपने ही भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बमनौरा पुलिस के



अनुसार फरियादी दयाराम पाल का अपने भाइयों के साथ संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था।इसी दौरान कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने धारदार कुल्हाड़ी से दयाराम पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां मेडिकल रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि हुई।वही घटना की सूचना मिलते ही थाना बमनौरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की गंभीर धाराएं भी प्रकरण में जोड़ी गई। फ़िहाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बलराम पाल,लखन पाल और रामकिशन पाल,निवासी ग्राम बारौं,को गिरफ्तार कर लिया साथ ही घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की गई। यह पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पांडेय एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा की गई।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 25 जून को रात 8 बजे रीवा पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल रीवा पहुंचने से पहले सागर में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे और सागर से सड़क मार्ग से दोपहर 2 बजे प्रस्थान कर रात 8 बजे रीवा पहुचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे।

### नेशनल वॉश एक्सपर्ट टीम ने जल जीवन मिशन कार्यों का किया निरीक्षण

**रीवा।** जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित टमस समूह जल प्रदाय योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण करने हेतु नेशनल वॉश एक्सपर्ट टीम ने रीवा जिले में जवा और त्योंथर ब्लॉक का भ्रमण किया। टीम द्वारा विभिन्न योजनाओं के कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं संचालन व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान टीम ने विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर पाइपलाइन नेटवर्क, ओवरहेड टैंक, जल स्रोत, पंप हाउस एवं घरेलू नल कनेक्शनों का निरीक्षण किया। टीम ने योजनाओं के क्रियान्वयन, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल आपूर्ति व्यवस्था तथा समुदाय की सहभागिता से संबंधित जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों से चर्चा कर योजनाओं के लाभ एवं संचालन संबंधी फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान नेशनल वाश एक्सपर्ट टीम के सदस्य श्री दिनेश कुमार उपाध्याय एवं सुभाष गुप्ता के साथ परियोजना क्रियान्वयन इकाई से महाप्रबंधक चित्रांशु, उपमहाप्रबंधक ज्योति तिवारी, प्रबंधक डॉ नन्द किशोर पचौरी, उपप्रबंधक शिवम नामदेव, संबंधित एजेंसियों के अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे। टीम ने निरीक्षण के उपरांत योजनाओं के बेहतर संचालन एवं सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

### हमारे शिक्षक ऐप से 1 जुलाई से अनिवार्य होगी ऑनलाइन उपस्थिति

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े सभी शासकीय कर्मचारियों को "हमारे शिक्षक" प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। यह व्यवस्था 1 जुलाई 2026 से लागू होगी। मप्र के लोक शिक्षण संचालनालय जारी आदेश के अनुसार इसके तहत स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत शासकीय अमले को नियमित रूप से डिजिटल माध्यम से उपस्थिति दर्ज करनी होगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि "हमारे शिक्षक" प्रणाली के क्रियान्वयन से संबंधित निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग के सभी कार्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों के समस्त शासकीय लोकसेवकों पर लागू होंगे। संबंधित कार्यालय प्रमुखों एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रमुखों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को ऑनलाइन सिस्टम से जोड़ें और उनकी उपस्थिति व अवकाश की प्रविष्टि सुनिश्चित कराएं।

# जर्जर भवनों में विद्यालय संचालन पर सख्ती: प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक्स्ट्रा क्लास शुरू करें: कमिश्नर ने की विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा

रीवा।





रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, राजस्व एवं सुशासन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से एएनसी चेकअप कराया जाए तथा नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के चिन्हांकन के लिए गंभीर एवं मध्यम एनीमिया से पीड़ित महिलाओं की पहचान कर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त अमले द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त कलेक्टरों को मेटरनल डेथ एवं नियोनेटल डेथ के प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा कर जांच रिपोर्ट में पाई गई कमियों को दूर करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुपोषण की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी केंद्रों में भर्ती कर पूर्ण उपचार कराने तथा सभी एनआरसी केंद्रों में शत-प्रतिशत भर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों में अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा।निक्षय मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने हाई रिस्क ग्रामों का चिन्हांकन कर शिविरों के माध्यम से नियमित स्क्रीनिंग कर संभावित टीबी मरीजों की पहचान करने तथा मरीजों को नियमित रूप से फूड बास्केट वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायतों के समन्वय से आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने तथा मजदूरों एवं बुजुर्गों के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने विद्यार्थियों को समय पर पुस्तक, गणवेश एवं साइकिल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि अध्ययन में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने विद्यालयों में शौचालय निर्माण एवं खराब शौचालयों की मरम्मत कराने तथा जर्जर भवनों में विद्यालय संचालन न किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर विद्यालयों को वैकल्पिक भवनों में संचालित किया जाए तथा इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कमिश्नर ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की समीक्षा कर जिले का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके लिए रेमेडियल क्लास संचालित करने तथा प्रत्येक हायर सेकेंडरी विद्यालय में आईआईटी, जेईई, नीट एवं सीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षकों का ओरिएंटेशन कराने पर भी बल दिया। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान, पौधरोपण, पीएम आवास योजना-जनमन अभियान, धरती आबा पीएम आवास योजना, वृंदावन ग्राम योजना, मनरेगा कार्य, लखपति दीदी एवं एनआरएलएम आजीविका मिशन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को निर्धारित बजट में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण हेतु बल्क मटेरियल के माध्यम से निर्माण सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जल संरक्षण एवं पौधरोपण कार्यों को जनभागीदारी के साथ संचालित करने, मनरेगा के तहत रोजगारमूलक एवं स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष ध्यान देने तथा स्वयं सहायता समूहों का चयन उनकी सक्रियता एवं कार्य गुणवत्ता के आधार पर करने के निर्देश दिए। सुशासन एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा खसरा नक्शा एवं मौके की स्थिति का मिलान कर भूमि अभिलेख पोर्टल को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के बाढ़ प्रभावित स्थलों का निरीक्षण कर बाढ़ प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कहा। बैठक में कमिश्नर ने सभी कलेक्टरों को जिले के विकास हेतु नवाचार आधारित एवं जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार कर विकास कार्यों को गति देने तथा आमजन से सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संभाग के जिलों के कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

# जिले में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट का विरोध शुरू


## ग्रामीणों ने सीएम के नाम कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

### पनसिरमौर के रझौही-क्योटी क्षेत्र में प्रस्तावित परियोजना को बताया पर्यावरण व पर्यटन के लिए खतरा



**रीवा।** जिले के सिरमौर क्षेत्र में प्रस्तावित देश के पहले न्यूक्लियर पावर प्लांट परियोजना को लेकर विरोध के स्वर तेज होने लगे हैं। मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर परियोजना के लिए चयनित स्थल को अनुपयुक्त बताते हुए इसे अन्य जिले अथवा राज्य में स्थानांतरित करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि सिरमौर तहसील अंतर्गत रझौही-क्योटी क्षेत्र की लगभग 167 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना को लेकर आम जनता को पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई है। आरोप लगाया गया कि प्रशासन और संबंधित एजेंसियों द्वारा परियोजना के सकारात्मक पक्षों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि इसके संभावित पर्यावरणीय और सामाजिक दुष्प्रभावों पर गंभीर चर्चा नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि परमाणु ऊर्जा संयंत्र जैसी परियोजनाएं दीर्घकालिक रूप से जल, थल और वायु प्रदूषण की आशंकाओं को जन्म देती हैं। इसके साथ ही क्षेत्र की जैव विविधता, कृषि व्यवस्था, प्राकृतिक संसाधनों तथा स्थानीय जनजीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि परियोजना क्षेत्र विंध्य अंचल के महत्वपूर्ण प्राकृतिक और पर्यटन स्थलों के निकट स्थित है, जिससे भविष्य में पर्यटन गतिविधियों पर भी असर पड़ने की संभावना है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधियों ने बताया कि परियोजना के संभावित प्रभावों का अध्ययन करते हुए 28 पृष्ठों का एक विस्तृत रिसर्च पेपर तैयार किया गया है। इस शोध पत्र में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से जुड़े पर्यावरणीय, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं का उल्लेख करते हुए क्षेत्र के लिए संभावित जोखिमों को रेखांकित किया गया है। उक्त शोध रिपोर्ट भी ज्ञापन के साथ संभागीय आयुक्त को सौंपी गई।प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि रीवा और संपूर्ण विंध्य क्षेत्र की भौगोलिक, पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक परिस्थितियां परमाणु ऊर्जा संयंत्र जैसी परियोजना के लिए उपयुक्त नहीं हैं। उनका तर्क है कि यदि परियोजना को स्थापित करना आवश्यक है तो इसके लिए किसी ऐसे क्षेत्र का चयन किया जाना चाहिए, जहां पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव अपेक्षाकृत कम हों। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि प्रस्तावित परियोजना के सभी पहलुओं की स्वतंत्र एवं वैज्ञानिक समीक्षा कराई जाए तथा स्थानीय जनता की सहमति और पर्यावरणीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही परियोजना के संबंध में व्यापक जनसुनवाई आयोजित कर क्षेत्रवासियों की आपत्तियों और सुझावों को भी गंभीरता से सुना जाए।

# रीवा में 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान: पुलिस ने निकाली साइबर जागरूकता रैली, हजारों को किया सतर्क



### ऑनलाइन फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और फर्जी निवेश से बचने का दिया संदेश; एसपी बोले- ₹सोच-समझकर करें क्लिक, सुरक्षित रहें हर एक क्लिक₹

**रीवा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर रीवा पुलिस ने राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान "सेफ क्लिक 2.0" के तहत व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन में पूरे जिले में साइबर अपराधों के खिलाफ मुहिम चलाई गई।

#### रैली में शामिल हुए छात्र, अधिकारी और आम नागरिक

अभियान के तहत रीवा पुलिस ने साइबर जागरूकता रैली निकाली। इसमें पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। रैली के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने और अपनी व्यक्तिगत व बैंकिंग जानकारी साझा न करने का संदेश दिया गया।

#### साइबर ठगी के नए तरीकों से किया आगाह

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले नए-नए तरीकों की जानकारी दी। बताया गया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर ओटीपी, बैंक खाता विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, यूजर आईडी और पासवर्ड साझा न करें।

#### सोशल मीडिया स्कैम से रहें सावधान

कार्यक्रमों के दौरान सोशल मीडिया पर प्राप्त संदिग्ध लिंक, फर्जी नौकरी के प्रस्ताव, लॉटरी, केवाईसी अपडेट और निवेश संबंधी आकर्षक ऑफरों से सावधान रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करे या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए।

#### इन अधिकारियों ने लिया भाग

जागरूकता रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्री राजीव पाठक, थानों के थाना प्रभारी, पुलिस लाइन का पुलिस स्टाफ, स्कूलों के छात्र और समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य शामिल हुए।

**पोस्टर-पंपलेट से दिया संदेश**

रीवा पुलिस ने अभियान के दौरान पंपलेट, पोस्टर और जनसंवाद के माध्यम से हजारों नागरिकों तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार, मित्रों व समाज के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर सुरक्षित डिजिटल वातावरण के निर्माण में सहयोग करें।

#### रीवा पुलिस का संदेश

**सोच-समझकर करें क्लिक, सुरक्षित रहें हर एक क्लिक।**

# यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई, 57 वाहन के चालान काटकर वसूले 28,900 रूपये जुर्माना



**मऊगंज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के पर्यवेक्षण में यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 21, 22 एवं 23 जून को यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।यातायात पुलिस ने नो एंट्री में वाहन चलाने, निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं लगाने, नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। तीन दिनों के अभियान में कुल 57 चालान बनाए गए और नियम उल्लंघन करने वालों से 28,900 रूपये का जुर्माना वसूला गया।पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनकर वाहन चलाने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# जेल डीजी डॉ. वरुण कपूर ने किया केन्द्रीय जेल रीवा का निरीक्षण, बायोमैट्रिक कक्ष का लोकार्पण, बंदियों को दी डिग्री, जल्द लगेंगे आरओ प्लांट

### जेल अधीक्षक सतीश उपाध्याय की कार्यप्रणाली की सराहना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और योग प्रदर्शन से हुए प्रभावित

### स्टॉफ के लिए आवासगृह निर्माण व 13 माह के वेतन का भी दिया आश्वासन



**रीवा।** जेल महानिदेशक एवं सुधारात्मक सेवाएं वरिष्ठ आईपीएस डॉ. वरुण कपूर एक दिवसीय प्रवास पर सोमवार को रीवा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय जेल रीवा का भ्रमण व निरीक्षण किया। महानिदेशक जेल द्वारा केन्द्रीय जेल में नवनिर्मित बायोमैट्रिक कक्ष का लोकार्पण भी किया गया।

**एसपी ने किया स्वागत, बंदियों ने दी प्रस्तुति**

महानिदेशक जेल के केन्द्रीय जेल आगमन पर पुलिस अधीक्षक रीवा गुरुकरण सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। आईपीएस डॉ. कपूर के भ्रमण के दौरान जेल में परिरुद्ध बंदियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। महानिदेशक ने बंदियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं केन्द्रीय जेल की कार्य व्यवस्था का संचालन कर रहे जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय की सराहना करते हुए जेल की कार्य व्यवस्था पर संतुष्टता व्यक्त की।

#### योगाचार्य सम्मानित, बंदियों को मिली डिग्री

जेल अधीक्षक द्वारा जेल की कार्य प्रणाली एवं कल्याणकारी गतिविधियों के संबंध में जेल डीजी को अवगत कराया गया। डीजी ने केन्द्रीय जेल की स्वच्छता एवं प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की सराहना की। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 15-06-2026 से 21-06-2026 तक आयोजित योग कार्यक्रम में बंदियों को योग का प्रशिक्षण दे रहे रीवा के 'रबर बॉय' आदर्श पाण्डेय योगाचार्य ने योगकला का प्रदर्शन किया। योगाचार्य को प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। जेल में परिरुद्ध बंदियों द्वारा उच्च शिक्षा की डिग्री प्राप्त करने पर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए डिग्री प्रदान की गई।

#### जेलों में लगेंगे आरओ प्लांट, स्टॉफ को मिलेगी सुविधा

जेल डीजी डॉ. वरुण कपूर ने जेल में परिरुद्ध बंदियों के लिए स्वच्छ पेयजल हेतु अतिशीघ्र प्रदेश की सभी जेलों में आरओ प्लांट लगाए जाने की जानकारी दी। साथ ही जेल स्टॉफ के लिए अतिशीघ्र आवासगृहों का निर्माण कराए जाने की भी बात कही। उन्होंने जेल विभाग में बाल प्रहरी की नियुक्ति, कर्मचारियों को 13 महीने का वेतन व अन्य सुविधाएं अतिशीघ्र उपलब्ध कराए जाने के बारे में बताया।

#### ये रहे उपस्थित

भ्रमण के दौरान सतीश कुमार उपाध्याय जेल अधीक्षक, संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक प्रशासन, श्याम सिंह कुशवाह सहायक जेल अधीक्षक, हेमंत रावत सहायक जेल अधीक्षक के साथ समस्त जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# जल जीवन मिशन की हकीकत परखी: नेशनल वॉश एक्सपर्ट टीम ने जवा-त्योंथर में किया स्थलीय निरीक्षण



**रीवा।** जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित टमस समूह जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता का आकलन करने के लिए नेशनल वॉश (WASH) एक्सपर्ट टीम ने जवा एवं त्योंथर विकासखंड का विस्तृत भ्रमण किया। टीम ने विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान टीम ने पाइपलाइन नेटवर्क, ओवरहेड टैंक, जल स्रोतों, पंप हाउसों तथा घर-घर दिए जा रहे नल कनेक्शनों का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही जल गुणवत्ता परीक्षण, नियमित जल आपूर्ति व्यवस्था एवं योजनाओं के संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई।नेशनल वॉश एक्सपर्ट टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आम नागरिकों से सीधे संवाद किया और जल जीवन मिशन से मिलने वाले लाभों, पेयजल उपलब्धता तथा योजनाओं के संचालन को लेकर फीडबैक प्राप्त किया। टीम ने समुदाय की सहभागिता को योजनाओं की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए स्थानीय स्तर पर निगरानी को और मजबूत करने पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। टीम ने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक में नेशनल वॉश एक्सपर्ट टीम के सदस्य दिनेश कुमार उपाध्याय एवं सुभाष गुप्ता उपस्थित रहे। उनके साथ परियोजना क्रियान्वयन इकाई के महाप्रबंधक चित्रांशु, उपमहाप्रबंधक ज्योति तिवारी, प्रबंधक डॉ. नंद किशोर पचौरी, उपप्रबंधक शिवम नामदेव, संबंधित एजेंसियों के अधिकारी तथा तकनीकी कर्मचारी भी मौजूद रहे।भ्रमण के उपरांत टीम ने योजनाओं के बेहतर संचालन, जल गुणवत्ता की निरंतर निगरानी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सतत एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।